# बिना आरटीओ ऑडिट न चलाएं पुरानी बसें

## 'आपली बस' सेवा पर जोरदार घमासान, 190 करोड़ के घाटे पर भी सवाल

- 530 इलेक्ट्रिक बस
- 195 डीजल बस
- 730 बसों का कुल संचालन



**नगर संवाददाता**

**नागपुर.** बुधवार को मनपा की सभा में शहर की सार्वजनिक परिवहन सेवा 'आपली बस' की बदहाली, एग्रीमेंट विस्तार और बसों की खस्ताहाल स्थिति को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली. विपक्ष नेता संजय महाकालकर ने प्रश्नकाल के दौरान परिवहन सेवा को लेकर सदन में सवाल उठाए. इसमें हिस्सा लेते हुए कांग्रेस के पार्षद शैलेश पांडे ने शहर की 195 पुरानी डीजल बसों की फिटनेस पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि आरटीओ से संपूर्ण तकनीकी ऑडिट कराए बिना इन्हें सड़कों पर न उतारा जाए. वहीं परिवहन विभाग के करीब 190 करोड़ रुपये के सालाना घाटे और बिना सुविधाओं के यात्रियों से हो रही परेशानी का मुद्दा भी सदन में गरमाया रहा.

**ऑपरेटर को पहुंचाया जा रहा लाभ:** शैलेश पांडे ने कहा कि बसों का मूल अनुबंध समाप्त होने के बाद भी ऑपरेटरों को अवधि बढ़ाकर दी गई. वर्तमान में चल रहीं अधिकांश बसों की हालत खस्ता है. कई बसों में हैंडब्रेक नहीं हैं, खिड़कियां-दरवाजे टूटे हैं और वे यात्रियों की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 15 से 20 करोड़ रुपये मूल्य की इन संपत्तियों को मनपा के दायरे में लाने और नई निविदा प्रक्रिया शुरू करने के बजाय ऑपरेटरों को मनमाने ढंग से लाभ पहुंचाया जा रहा है. साथ ही पार्षदों द्वारा मांगी जा रही जानकारियों को छिपाने का आरोप भी लगाया गया.

### घाटा 190 करोड़, फिर भी सुविधाओं का अभाव

*विपक्ष के नेता संजय महाकालकर ने परिवहन विभाग के कामकाज को कटघरे में खड़ा किया. उन्होंने कहा कि मनपा की परिवहन सेवा लगभग 190 करोड़ रुपये के घाटे में चल रही है. शहर में लगभग 530 इलेक्ट्रिक और 195 डीजल बसें मिलाकर 700 से अधिक बसें संचालित हो रही हैं लेकिन न तो रूट का सही प्रबंधन है और न ही समय सारिणी का पालन हो रहा है. आलम यह है कि किसी स्टॉप पर एक साथ 3-3 बसें पहुंचती हैं तो कहीं यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है.*

### अनुबंध की शर्तों का कड़ाई से हो पालन

*चर्चा के अंत में महापौर नीता ठाकरे ने प्रशासन को सख्त निर्देश दिए कि नागरिकों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होगा. उन्होंने कहा कि नियमों के तहत 15 वर्ष पूरा कर चुकीं पुरानी बसों को स्क्रैप में भेजा जाए और शेष बसों का विधिवत तकनीकी वर्गीकरण कर ऋझह ऑडिट कराया जाए. यात्रियों को अचानक असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन 2 से 4 दिनों में पूरी योजना तैयार करे. ऑपरेटरों के साथ हुए अनुबंध (एग्रीमेंट) में उल्लेखित यात्री सुविधाओं व सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराया जाए.*

# देसी कट्टे के साथ धराया क्कका युवक, सोशल मीडिया के जरिए मिला सुराग

**कार्यालय प्रतिनिधि**

**नागपुर.** क्राइम ब्रांच के नशीले पदार्थ विरोधी दस्ते ने मंगलवार देर रात गिट्टीखदान थाना क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के एक युवक को देसी कट्टा और कारतूस के साथ दबोचा. रोजगार की तलाश में वह नागपुर आया था, लेकिन सोशल मीडिया पर उसने हथियार के साथ फोटो डाल रखी थी. पुलिस ने इसी आधार पर उसकी जानकारी हासिल कर हथियार के साथ दबोच लिया. पकड़ा गया आरोपी पट्टी, प्रतापगड़ निवासी अमन त्रिवेणीप्रसाद गुप्ता (23) बताया गया. अमन कुछ महीने पहले ही यूपी से रोजगार की तलाश में नागपुर आया था. उसने गिट्टीखदान के योगेंद्रनगर में कमरा किराए पर लिया था. हाथ मजदूरी में जो काम मिल जाए कर रहा था. कुछ दिन पहले उसने सोशल मीडिया पर पिस्तौल के साथ अपनी डीपी डाली थी. सोशल मीडिया मॉनीटरिंग के दौरान पुलिस को उसकी आईडी दिखाई दी. मंगलवार रात 1.30 बजे के दौरान उसके रामदेवबाबा टेकड़ी के पास होने की खबर मिली. तुरंत पुलिस की टीम वहां पहुंची और अमन को दबोच लिया. तलाशी में उसकी जेब में 1 कारतूस और कमर में कट्टा दिखाई दिया. उसे गिरफ्तार कर गिट्टीखदान थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया. पुलिस के अनुसार वह देसी कट्टा बेचने की फिराक में था. इंस्पेक्टर भारत क्षिरसागर, एपीआई आनंद बिचेवार, हेड कांस्टेबल गणेश जोगेकर, विवेक अढाऊ, अनूप यादव, संतोष शेंद्रे, नितिन राठोड़ और नितिन सालुंके ने कार्रवाई को अंजाम दिया.

## स्टेशन : मोबाइल चोर धराया

**नागपुर, नगर प्रतिनिधि.** रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल और लोहमार्ग पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए यात्रियों का मोबाइल व अन्य सामान चोरी करने वाले शातिर चोर को धर दबोचा. सुरक्षा बलों की मुस्तैदी से ट्रेन में चोरी की वारदात को अंजाम देकर भाग रहे एक शातिर चोर को धर दबोचा गया. आरोपी ने अपना नाम मोहम्मदपुरा निवासी मोहम्मद शाहिल बताया. उसके पास से चोरी के 5,000 रुपये नकद बरामद हुए. जानकारी के अनुसार, जानकारी के अनुसार, स्टेशन के प्लेटफॉर्म 3 पर खड़ी ट्रेन 12807 समता एक्सप्रेस के कोच्च-1 की सीट 33 से एक महिला यात्री का पर्स चोरी हो गया जिसमें 5,000 रुपये नकद थे. कोच अटेंडेंट द्वारा सूचना मिलते ही गश्त कर रही सीपीडीएस, सीआईबी नागपुर और जीआरपी नागपुर की संयुक्त टीम हरकत में आई. टीम ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जिनमें एक संदिग्ध व्यक्ति विपरीत दिशा की ओर भागता हुआ नजर आया. फुटेज के आधार पर तलाश शुरू की गई. सुरक्षा बलों ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरएसएमएस बिल्डिंग के पास पार्किंग क्षेत्र से में खड़े संदिग्ध को घेरकर पकड़ लिया. वह अपनी मोटरसाइकिल (एमएच49/एडी-7790) से भागने की कोशिश में था. कड़ी पूछताछ में उसने ट्रेन में चोरी की बात कुबूली. आगे की कार्यवाही के लिए मामला लोहमार्ग पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया.

## उत्पात मचाते धराया तड़ीपार

**कार्यालय प्रतिनिधि, नागपुर.** राधा स्वामी सत्संग मंडल के समीप हथियार लेकर उत्पात मचा रहे तड़ीपार अपराधी को लकड़गंज पुलिस ने गिरफ्तार किया. पकड़ा गया आरोपी मासूरकर चौक निवासी नीलेश उर्फ नीलू विलासदास सोनवानी (23) बताया गया. नीलेश के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं. मार्च महीने में उसे 2 वर्ष के लिए जिले से तड़ीपार किया गया था. सोमवार की रात 9 बजे के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि राधा स्वामी सत्संग मंडल के समीप एक अपराधी चाकू लेकर उत्पात मचा रहा है. खबर मिलते ही पुलिस दस्ता मौके पर पहुंचा और नीलेश को गिरफ्तार कर चाकू जब्त किया. उसके खिलाफ तड़ीपारी के उल्लंघन और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है.

## पीएम सूर्य घर और 'स्मार्ट' योजना जानकारी अब 'कियोस्क' पर

**नागपुर.** केंद्र सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से महाराष्ट्र में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक विशेष सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया जा रहा है. अभियान के तहत पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और स्वयंपूर्ण महाराष्ट्र आवासीय रूफटॉप सोलर (स्मार्ट) योजना की जानकारी आम उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए महावितरण तहसील स्तर पर विशेष कियोस्क स्थापित करेगा. महावितरण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक लोकेश चंद्र ने राज्य भर के सभी तहसील स्तर पर ये कियोस्क स्थापित करने के निर्देश जारी किए हैं.

कियोस्क पर महावितरण के कर्मचारी उपभोक्ताओं को सोलर रूफटॉप योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का सीधा मार्गदर्शन और डेमो देंगे. कियोस्क में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे. इससे उपभोक्ता एक ही जगह पर ऑनलाइन फॉर्म भरने के साथ-साथ सोलर सिस्टम के लिए लगने वाले बैंक लोन का आवेदन भी कर सकेंगे.

# उच्चस्तरीय समिति को मिले 18 हजार सुझाव

## MPSC भर्ती प्रक्रिया सुधार, पुणे के बाद नागपुर में भी व्यवस्था पर उठे सवाल



**नागपुर, शहर संवाददाता.** महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) तथा अन्य सरकारी भर्ती परीक्षाओं की प्रक्रिया, पद्धति और पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दों में सुधार के लिए गठित उच्चस्तरीय राज्य समिति को राज्य भर के अभ्यर्थियों से 18,000 से अधिक ई-मेल और सुझाव प्राप्त हुए हैं. पुणे के बाद नागपुर विभाग से ही 7,600 ई-मेल आए और 400 से अधिक छात्रों व अभ्यर्थियों ने सीधे संवाद कर अपनी समस्याएं और सुझाव रखे. समिति की अध्यक्ष एवं राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव व्ही. राधा ने बताया कि यह देश में अपनी तरह का पहला प्रयोग है जहां समिति सीधे छात्रों से संवाद कर रही है. प्राप्त सभी सुझावों का अध्ययन कर समिति 3 महीने के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी. संवाद सत्र में वी. राधा अध्यक्ष, अतिरिक्त मुख्य सचिव, सदानंद दाते महानिदेशक, महाराष्ट्र पुलिस, रामास्वामी सदस्य सचिव एवं सचिव मत्स्यपालन व पशुपालन, श्यामप्रसाद करगड्डे आईआईटी बॉम्बे, वीरेंद्र सिंह सचिव, आईटी विभाग, एयर मार्शल अजीत भोसले (रिटायर्ड) पूर्व सदस्य, यूपीएससी उपस्थित थे.

**व्यवस्था पर अभ्यर्थियों का गुस्सा:** समिति की अध्यक्ष वी. राधा ने भी स्वीकार किया कि छात्रों ने शिकायत की है कि वे 5-5 साल तक लगातार मेहनत करते हैं, लेकिन 2 साल तक भर्तियां ही नहीं निकलतीं. जब परीक्षा होती है तो पेपर लीक और भ्रष्टाचार के मामले सामने आ जाते हैं. अभ्यर्थियों ने चयन प्रक्रिया, उत्तर पुस्तिकाओं की जांच और नियुक्ति में हो रही देरी को लेकर भारी आक्रोश व्यक्त किया.

**SIT और उच्चस्तरीय समिति की भूमिका अलग**

अध्यक्ष राधा ने स्पष्ट किया कि विशेष जांच दल की भूमिका अलग है, जो पेपर लीक और भ्रष्टाचार के आपराधिक मामलों की जांच कर रही है और दोषियों पर कार्रवाई करेगी, जबकि इस उच्चस्तरीय समिति का मुख्य काम एमपीएससी और अन्य भर्ती प्रणालियों को मजबूत, आधुनिक और पारदर्शी बनाना है. नागपुर के बाद यह समिति अब नासिक, छत्रपति संभाजीनगर और कोंकण क्षेत्र का दौरा करेगी, जिसके बाद 30 सितंबर को संवाद प्रक्रिया पूरी होगी.

### अभ्यर्थियों द्वारा दिए गए 5 प्रमुख सुझाव

*पारदर्शी परीक्षा ढांचा- परीक्षा का स्तर सुधारा जाए और परीक्षाएं ऑफलाइन ही आयोजित की जाएं.*
*नियमित टाइमटेबल- यूपीएससी की तर्ज पर वार्षिक परीक्षा कैलेंडर जारी कर उसका सख्ती से पालन हो.*
*गलतियों का सुधार- प्रश्नपत्रों में त्रुटियों को दूर किया जाए और अंकन की निष्पक्ष प्रणाली अपनाई जाए.*
*ऑप्टिंग आउट विकल्प- चयन प्रक्रिया में ऑप्टिंग आउट नीति को स्पष्ट और सुचारू रूप से लागू किया जाए.*
*90 दिनों में नियुक्ति- अंतिम परिणाम घोषित होने के 90 दिनों के भीतर चयनित उम्मीदवारों को पदस्थापना (नियुक्ति) दी जाए.*

एक नजर में

## शासकीय सेवा भूमि से हटाया अतिक्रमण

**बैतूल।** अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व बैतूल डॉ. अभिजीत सिंह के निर्देशन में बुधवार को ग्राम जामठी में शासकीय सेवा भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। राजस्व विभाग द्वारा दल गठित कर की गई जांच के उपरांत यह कार्रवाई संपादित की गई। बैतूल विकासखंड के ग्राम जामठी स्थित खसरा नंबर 173/2, रकबा 1.070 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में ग्राम कोटवार की सेवा भूमि के रूप में दर्ज है। उक्त भूमि पर निजी व्यक्ति द्वारा लंबे समय से किए गए अतिक्रमण को राजस्व अमले द्वारा हटाया गया। कार्रवाई के बाद शासकीय सेवा भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तहसीलदार वीरेंद्र उइके की उपस्थिति में राजस्व निरीक्षक हेमंत चिल्हाटे एवं पटवारी अवधेश वर्मा द्वारा संपादित की गई। कलेक्टर बैतूल के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग द्वारा शासकीय भूमि एवं शासकीय सेवा भूमि पर किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाएगी।

## हरदौली में जुआ खेलते 3 आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** आमला पुलिस ने ग्राम हरदौली में जुआ खेल रहे 03 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। थाना आमला पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम हरदौली स्थित स्कूल के पीछे कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर रुपये का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम द्वारा ग्राम हरदौली स्कूल के पीछे पहुंचकर जुआ खेल रहे आरिफ उर्फ सोनू पिता रशीद अली, अमित पिता रमेश रजोनिया एवं नितेश पिता रतनलाल धुर्वे को पकड़ा गया। मौके से 52 ताश के पत्ते एवं 1,800 नगद जब्त किए गए। आरोपियों के विरुद्ध थाना आमला में धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक मुकेश ठाकुर, उपनिरीक्षक अवधेश वर्मा, सहायक उपनिरीक्षक रामेश्वर सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक निलेश सोनी, प्रधान आरक्षक अनन्त यादव एवं आरक्षक रोहन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# धर्मांतरण संबंधी गतिविधि के आरोप में 05 आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत, बैतूल।** आमला पुलिस ने धर्मांतरण संबंधी गतिविधि के आरोप में 5 आरोपी को गिरफ्तार किया है। 15 सितंबर को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि भीमनगर बोड़खी क्षेत्र में गणपत सोनवाने के घर पर बैठक एवं प्रार्थना सभा आयोजित कर धर्मांतरण संबंधी गतिविधि की जा रही है। मौके पर पुलिस टीम को गणपत सोनवाने सहित कुल 5 व्यक्ति उपस्थित मिले। पूछताछ एवं घर की तलाशी के दौरान धार्मिक साहित्य, पुस्तिकाएं/पैम्फलेट, सहमति पत्र एवं विभिन्न संस्थाओं को लिखे गए पत्र आदि दस्तावेज प्राप्त हुए। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा धर्मांतरण संबंधी गतिविधियों में संलिप्तता स्वीकार की गई। मामले में थाना आमला में अपराध क्रमांक 371/26, धारा 3, 5 मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम तथा धारा 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई के दौरान गणपत सोनवाने के घर से धार्मिक साहित्य एवं संबंधित दस्तावेज तथा अन्य आरोपियों के मोबाइल फोन विधिवत जब्त किए गए। पुलिस ने इस मामले में गणपत पिता शोभना सोनवाने, उम्र 43 वर्ष, निवासी भीमनगर बोड़खी, इनोस उर्फ एनोस पिता हारून जोनाथन, उम्र 34 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 15, पटेल टोला, बरघाट, जिला सिवनी, रमेश पिता मधुकर अतुलकर, उम्र 40 वर्ष, निवासी दुर्गा वार्ड क्रमांक 3, हमलापुर, भावराव पिता कलीराम चंदेलकर, उम्र 34 वर्ष, निवासी जुनापानी, थाना साईखेड़ा और सुनील पिता कृष्णा नागले, उम्र 50 वर्ष, निवासी सोमगढ़, थाना मुलताई को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। प्रकरण की विवेचना जारी है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक मुकेश ठाकुर एवं आरक्षक पलक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# उखड़ने लगी सड़क से रिनीवल कोड की परत



**पाथाखेड़ा।** शोभापुर कॉलोनी में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के सामने तिराहे पर हाल ही में खराब सड़क पर डामर की पतली परत बिछाकर नवीनीकरण (रिन्यूवल) का कार्य कराया गया है। लेकिन निर्माण के कुछ ही दिनों बाद सड़क पर बिछाई गई डामर की परत की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। कई स्थानों पर सड़क की ऊपरी परत कमजोर दिखाई देने लगी है कई जगह गड्ढे हो गए हैं,जिससे रहवासियों में नाराजगी है। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि यदि सड़क की हालत कुछ ही दिनों में खराब होने लगे तो निर्माण कार्य की गुणवत्ता, उपयोग की गई सामग्री और संबंधित ठेकेदार द्वारा किए गए कार्य की जांच आवश्यक है। लोगों का सवाल है कि क्या नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा रिन्यूवल के नाम पर केवल औपचारिकता पूरी कर लाखों रुपये के कार्यों का भुगतान किया जा रहा है। यह भी मांग उठाई है कि सड़क निर्माण के बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर गुणवत्ता परीक्षण और माप-पुस्तिका के अनुसार कार्य का सत्यापन किया जाता है या नहीं, इसकी जांच होनी चाहिए।

# स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन 17 से

**नवभारत, बैतूल।** शासन द्वारा समस्त प्रदेश में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन 2026 योजना 17 सितंबर से प्रारंभ होगी। योजना के तहत आबादी भूमि पर काबिज पात्र लोगों को स्वामित्व अधिकार अभिलेख उपलब्ध कराए गए है उन्हें नियमानुसार निःशुल्क रजिस्ट्री की सुविधा दी जाएगी। जिले में स्वामित्व अधिकार अभिलेख अभियान निष्पादन पंजीयन का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। जिले की 556 ग्राम पंचायत में 17, 18 और 19 सितंबर को पहले चरण के तहत आयोजित शिविरों में राजस्व अभिलेख एवं आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्रामीण आबादी क्षेत्रों के लिए तैयार किये गए निजी स्वत के अधिकार अभिलेखों का निशुल्क निष्पादन एवं पंजीयन सुनिश्चित किया जाना है। योजना का क्रियान्वयन सारा तथा संपदा मोबाइल एप्लीकेशनों के माध्यम से किया जाएगा। संपदा मोबाइल एप्लीकेशन पर उप पंजीयक के रूप कार्य करने हेतु तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पीसीओएस, एडीईओएस को उप पंजीयक बनाया गया है।

# संघ ने कहा राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली संदिग्ध

**नवभारत, मुलताई।** अधिवक्ता संघ मुलताई द्वारा मंगलवार की शाम बैतूल पहुंचकर कलेक्टर से राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मुलताई एवं आमला तहसीलदार की शिकायत की है। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सीएस चंदेल के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का दल कलेक्टर डॉ. संजय सोनवाने से मिला इस दौरान उन्होंने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर खुला विरोध जताया। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसीलदार कार्यालय में अधिवक्ताओं है साथ उचित व्यवहार नहीं किया जाता, समय पर नकल उपलब्ध नहीं होती तथा प्रकरणों में अधिवक्ताओं की बातों को अपेक्षित तवज्जो नहीं दी जाती। अधिवक्ताओं ने कार्यालय की कार्यप्रणाली पर तत्काल लगाम लगाने की मांग की। ज्ञापन में एसडीएम कार्यालय की कार्यप्रणाली को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए। अधिवक्ताओं का आरोप है कि तहसील और एसडीएम कार्यालय में बाहरी तत्वों की सक्रियता दिखाई देती है। दलाल सक्रिय है। जिस पर रोक लगाने की मांग की है।वहीं अधिवक्ता संघ द्वारा कलेक्टर से मुलताई अस्पताल में सिजेरीयन डिलेवरी प्रारम्भ करवने की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने एक. माह के भीतर सुविधा प्रारम्भ करवाने का आश्वासन दिया।

# नदी के तेज बहाव में बहा छात्र, एसडीआरएफ कर रही तलाश

**नवभारत, बैतूल।** घोघरा घाट पर मंगलवार एक छात्र नदी के तेज बहाव में बह गया। वह चार-पांच दोस्तों के साथ दो बाइक से यहां घूमने और नहाने पहुंचा था। दोस्तों के मुताबिक, नहाते समय पवन सोनारे का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में गिरने के बाद तेज धारा में बह गया। घटना के बाद से उसका पता नहीं चल सका है। दोस्तों ने पुलिस को बताया कि पवन नदी में दो बार नहा चुका था। तीसरी बार पानी में उतरने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में गिरकर तेज बहाव में बह गया।

दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन नदी की तेज धारा के कारण वे उसे पकड़ नहीं सके। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और एसडीईआरएफ को सूचना दी गई। घटना की सूचना रात 7.22 बजे बैतूल पुलिस कंट्रोल रूम और भीमपुर चौकी प्रभारी ने एसडीईआरएफ को दी।

# छोटे से गांव की बेटी अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर करेगी भारत का प्रतिनिधित्व

## रक्षित निरीक्षक श्रीमती अनीता सिवडे को भावभीनी विदाई



**नव भारत न्यूज**

**पांढुरना, 16सितंबर,** मध्य प्रदेश पुलिस की रक्षित निरीक्षक श्रीमती अनीता सिवडे को संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन (UN Mission) – दक्षिण सूडान में नई जिम्मेदारी के लिए रवाना होने से पूर्व पुलिस विभाग द्वारा भावभीनी विदाई दी गई।

विदाई समारोह का वातावरण जहां आत्मीयता और भावनाओं से भरा रहा, वहीं श्रीमती अनीता सिवडे की इस उपलब्धि पर पुलिस परिवार में गर्व और प्रसन्नता का माहौल भी रहा। लंबे समय तक मध्य प्रदेश पुलिस में सेवाएं देते हुए उन्होंने अपनी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, कार्यक्षमता एवं समर्पण से विभाग में विशिष्ट पहचान बनाई।

श्रीमती अनीता सिवडे मूलतः बैतूल जिले के मुलताई तहसील के ग्राम महतपुर की रहने वाली हैं। वर्ष 2010 में मध्य प्रदेश पुलिस में सूबेदार के रूप में सेवा प्रारंभ करने के पश्चात वर्ष 2013 में रक्षित निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुईं। उन्होंने पांढुर्णा, छिंदवाड़ा एवं जबलपुर सहित विभिन्न स्थानों पर अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को विभिन्न स्तरों पर सम्मान भी प्राप्त हुआ। वर्ष 2025 में रुस्तमजी अवार्ड तथा केंद्रीय गृहमंत्री पदक से सम्मानित होना उनके सेवाकाल की उल्लेखनीय उपलब्धियों में शामिल है।

अब उन्हें संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन ङ्क दक्षिण सूडान में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह उनके लिए एक नई जिम्मेदारी और नई यात्रा की शुरुआत है, साथ ही मध्य प्रदेश पुलिस के लिए भी गौरव का विषय है।

विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक श्री प्रकाश परिहार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनोकामना प्रसाद, एसडीओपी श्री बृजेश भार्गव, श्रीमती प्रियंका पांडे, थाना प्रभारी पांढुर्णा श्री अमित दानी, थाना प्रभारी सौसर श्री रूपलाल उइके, थाना प्रभारी लोधीखेड़ा श्री मर्सकोले, महिला सेल प्रभारी श्रीमती संध्या रानी सक्सेना, यातायात थाना प्रभारी, चौकी नादनवाड़ी, चौकी पीपला नारायणवार, चौकी बड़ चिचोली, डीसीबी प्रभारी, वाहन शाखा प्रभारी श्री महेश भावरकर, हाईवे चौकी प्रभारी श्री भूपेंद्र सोनी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रीमती अनीता सिवडे को पुष्पगुच्छ एवं हार पहनाकर आत्मीय सम्मान के साथ विदाई दी तथा उनके आगामी दायित्व के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

एक छोटे से गांव की मिट्टी से निकली बेटी का अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचना अपने आप में प्रेरणादायी यात्रा है।

उनके जीवनसाथी श्री नेपाल सिंह, जो भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं, तथा उनके दोनों बच्चे जहानवी एवं दिव्यांश भी इस गौरवपूर्ण यात्रा का अभिन्न हिस्सा हैं।

विदाई के अवसर पर भावुक माहौल में पुलिस परिवार ने उनके साथ बिताए सेवाकाल के अनुभवों और स्मृतियों को याद किया। एक ओर बिछड़ने की भावुकता थी, तो दूसरी ओर इस बात का गर्व कि मध्य प्रदेश पुलिस की एक अधिकारी अब संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी सेवाएं प्रदान करने जा रही हैं।

माटी गांव की थी, हौसले आसमान से भी ऊंचे निकले,
आज वही बेटी दुनिया के मंच पर भारत का मान बढ़ाने जा रही है।

पुलिस विभाग की ओर से रक्षित निरीक्षक श्रीमती अनीता सिवडे को संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनङ्कदक्षिण सूडान के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। उनके आगामी दायित्व सफल हों तथा वे अपनी कर्तव्यनिष्ठा और कार्यक्षमता से देश एवं मध्य प्रदेश पुलिस का गौरव बढ़ाएं।